हिंदी विभाग, भाषा संकाय, महादेव देसाई समाजसेवा संकुल
गूजरात विद्यापीठ : अहमदाबाद - 380009

हिंदी विभाग

एमं.ए. हिंदी **(M. A., HINDI)**

कुल चार सेमेस्टर
का
पाठ्यक्रम

जून, 2023 से लागू

हिंदी विभाग के एम. ए. (हिंदी) पाठ्यक्रम का
क्रेडिटवार विवरण

<u>पाठ्यक्रम</u>	<u>अवधि</u>	<u>सीटें(इनटेक)</u>
एम.ए. (हिंदी)	2 वर्ष (4 सेमेस्टर)	57

<u>पाठ्यक्रम का ढाँचा</u>

<u>एम.ए. (हिंदी)</u>	क्रेडिट	अध्ययन **(Contact Hours)**	अंक
<u>प्रथम सेमेस्टर</u>			
CC-HIN- 101. प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 102. आधुनिक हिंदी काव्य – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 103. आधुनिक गद्य साहित्य – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 104. भाषा विज्ञान	**4**	**48**	**100**
CC-HIN- 105. राजभाषा प्रशिक्षण	**4**	**48**	**100**
	20	**240**	**500**
<u>द्वितीय सेमेस्टर</u>			
CC- HIN- 201. प्राचीन एवं मध्यकालीन काव्य – **II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 202. आधुनिक हिंदी काव्य – **II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 203. आधुनिक गद्य साहित्य – **II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 204. हिंदी भाषा	**4**	**48**	**100**
CC-HIN- 205. हिंदी उपन्यास	**4**	**48**	**100**
	20	**240**	**500**
<u>तृतीय सेमेस्टर</u>			
CC-HIN- 301. काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 302. हिंदी साहित्य का इतिहास – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 303. प्रयोजनमूलक हिंदी – **I**	**4**	**48**	**100**
CC-HIN- 304. भारतीय साहित्य – **I**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN-305. अनुवाद विज्ञान	**4**	**48**	**100**
	20	**240**	**500**

चतुर्थ सेमेस्टर

CC- HIN- 401. काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन **– II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 402. हिंदी साहित्य का इतिहास **– II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 403. प्रयोजनमूलक हिंदी **– II**	**4**	**48**	**100**
CC- HIN- 404. भारतीय साहित्य **– II**	**4**	**48**	**100**
CC-HIN- 405. नाटक और रंगमंच	**4**	**48**	**100**
	20	**240**	**500**
कुल बीस प्रश्नपत्र कुल क्रेडिट	**80**	960	2000

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-1

CC- **HIN. -101.** प्राचीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य-1

उद्देश्य :

इस प्रश्नपत्र के माध्यम छात्रों को प्राचीन एवं मध्यकालीन हिंदी काव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी तथा डिंगल, पिंगल, ब्रज और अवधी भाषा में लिखित हिंदी काव्य से साक्षात्कार कराया जाएगा ताकि वे हिंदी साहित्य की इस अमूल्य धरोहर से परिचित हो सकें तथा हिंदी साहित्य की इस अमूल्य विरासत को समझ सकें जिससे उनका ज्ञानवर्धन तो होगा ही; साथ ही, वे अपनी साहित्यगत जड़ों से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे।

इकाई – 1 **अमीर खुसरो** - अमीर खुसरो का हिन्दी के प्रारंभिक विकास में योगदान
अमीर खुसरो का हिन्दवी साहित्य
अमीर खुसरो की रचनाओं का आस्वादन- **1.** बहुत कठिन है डगर----- **2.** बाबुल गीत-----

इकाई – 2 **चन्दबरदायी** - पृथ्वीराज रासो का महाकाव्यत्व
पृथ्वीराज रासो की प्रामाणिकता
पृथ्वीराज रासो - समय तथा ससन्दर्भ व्याख्या

इकाई – 3 **कबीर** - कबीर - काव्य की प्रासंगिकता
कबीर - काव्य में व्यक्त रहस्यवाद एवं भाषा शैली
कबीर एवं महात्मा गांधी का समाज सुधारक रूप
कबीर - काव्य का आस्वादन : 1. गुरुदेव कौ अंग- 20 साखियाँ। 2. सुमिरन कौ अंग- 20 साखियाँ। 3.विरह कौ अंग- 10 साखियाँ

इकाई – 4 **जायसी** - प्रेममार्गी काव्य परंपरा और 'पद्मावत'
'पद्मावत' महाकाव्य की प्रतीकात्मकता
ससन्दर्भ व्याख्या हेतु 'पद्मावत' के 'नागमती वियोग'खण्ड का अध्ययन

इकाई – 5 **मीराबाई** - मीराबाई के काव्य में भक्ति-भावना
मीराबाई का काव्य एवं नारी अस्मिता
ससन्दर्भ व्याख्या हेतु मीरा के 20 पदों का अध्ययन।

<u>आधार ग्रंथ</u>

1.1 अमीर खुसरो, संपादक - सुदर्शन चोपडा, प्रथम सरस्वती सीरीज, संस्करण : 1988, प्रकाशक : हिन्दी पोकेट बुक्स (प्राइवेट लिमिटेड), शाहदरा दिल्ली

1.2 कबीर ग्रंथावली, संपादक : डॉ. श्यामसुन्दर दास, विविध अंगों से चयनित साठ साखियाँ

1.3 जायसी : पद्मावत, संपादक- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

1.4 तुलसीदास : रामचरित मानस, गीता प्रेस, गोरखपुर

1.5 रसखान : रसखान ग्रंथावली- देशराज सिंह 'भाटी', नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-2004

1.6 जाय़सी : पद्मावत, आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

1.7 मीरा पदावली – परशुराम चतुर्वेदी

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1. भारत की महान विभूति अमीर खुसरो, व्यक्तित्व और कृतित्व, डॉ. परमानंद पांचाल, हिन्दी बुक सेन्टर, आसफ अली रोड, नई दिल्ली, संस्करण 2001

2. लौह पुरुष कबीर, डॉ. सुशीला सिन्हा

3. उलटबाँसी शैली और संत कबीर, श्री रमेशचन्द मिश्र

4. कबीर का रहस्यवाद, डॉ. रामकुमार वर्मा

5. पद्मावत : डॉ. माताप्रसाद गुप्त

6. जायसी ग्रंथावली : राजनाथ शर्मा

7. तुलसी का काव्य वैभव, डॉ. सभापति मिश्र

8. तुलसी प्रतिभा, डॉ. इन्द्रनाथ मदान

9. तुलसीदास, आचार्य चन्द्रवली पाण्डेय

10. तुलसी के काव्यादर्श, संपादकद्वय, डॉ. मालती दुबे एवं डॉ. राम गोपाल सिंह

11. रसखान का काव्य, डॉ. कृष्णचन्द्र वर्मा, नीरज बुक सेन्टर, दिल्ली, प्रथम संस्करण

12. संत समागम, डॉ. शांति सेठ, हिन्दी साहित्य अकादमी, गांधीनगर

13. मध्यकालीन हिन्दी काव्य, संपादक – डॉ. दिलीप के. मेहरा, ज्ञान प्रकाशन, कानपुर, प्रथम संस्करण, 2010

14. मध्यकालीन हिन्दी गुजराती निर्गुण काव्य का तुलनात्मक अध्य़य़न, डॉं. पोप़टभाई आस्था प्रकाशन, कानपुर

15. कबीर साहित्य को प्रकाश, चतुर्वेदी परशुराम, भारती भंडार प्रकाशन

16. मध्यकालीन हिंदी साहित्य, डॉ. पन्नालाल, अनंत प्रकाशन दिल्ली

17. कबीर ग्रंथावली, श्यामसुंदर दास, डाय प्रकाश, जयपु

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-1

CC- HIN.-102. आधुनिक हिन्दी काव्य-1

उद्देश्य :

आधुनिक हिन्दी काव्य पुनर्नवा के रूप में नवीन भावभूमि एवं वैचारिक गतिशीलता लेकर अवतरित हुआ। आधुनिकता, इहलौकिकता, विश्वजनीनता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। उपेक्षित विषय भी यहाँ सार्थक एवं प्रासंगिक हो गए। उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध से अद्यावधि तक की संवेदनाएँ, भावनाएँ एवं नूतन विचार सरणियाँ उसमें अभिव्यक्त हुई हैं। मनुष्य उसमें अभिव्यंजित हुआ है। विविध धाराओं में प्रवहमान आधुनिक हिन्दी काव्य प्रेरणा और ऊर्जा का अजस्र स्रोत है। अतः संवेदना तथा ज्ञान क्षितिज के विस्तार के लिए इसका अध्ययन अत्यंत आवश्यक एवं प्रासंगिक है।

इकाई - **1**	'साकेत'(नवम् सर्ग) - मैथिलीशरण गुप्त	'साकेत' नामकरण 'साकेत' का भावपक्ष 'साकेत' का कलापक्ष
इकाई - **2**	छायावादी युगीन काव्य -	प्रमुख कवि एवं प्रवृतियाँ
इकाई - **3**	'कामायनी'(चिन्ता,श्रद्धा- और लज्जा) जयशंकर प्रसाद	'कामायनी' का कथा- विन्यास 'कामायनी' की महाकाव्यात्मकता 'कामायनी' का भावपक्ष 'कामायनी' का कलापक्ष
इकाई - **4**	राम की शक्ति पूजा - सूर्यकान्त त्रिपाठी'निराला'	राम की शक्ति पूजा का नामकरण राम की शक्ति पूजा का भावपक्ष
इकाई - **5**	चुनी हुई कविताएँ : सुमित्रानंदन पन्त	परिवर्तन नौका विहार मौन निमंत्रण सोन जुही ये धरती कितना देती है

संदर्भ ग्रंथ

1. मैथिलीशरण गुप्त : व्यक्तित्व और काव्य, डॉ. कमलकांत पाठक
2. साकेत : एक अध्ययन, डॉ. नगेन्द्र
3. साकेत में काव्य, संस्कृति और दर्शन, डॉ. द्वारका प्रसाद सक्सेना
4. जटाशंकर प्रसाद, नंददुलारे वाजपेयी
5. कामायनी : रचना प्रक्रिया के परिप्रेक्ष्य में, डॉ. हरीश शर्मा
6. कामायनी की आलोचना प्रक्रिया, गिरिजा राय
7. कामायनी के अध्ययन की समस्याएँ, डॉ. नगेन्द्र
8. कामायनी का पुनर्मूल्यांकन, डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
9. निराला की साहित्य साधना, डॉ. राम विलास शर्मा
10. महामानव निराला, शिवगोपाल मिश्र
11. निराला : काव्य नया परिपेक्ष्य, डॉ. संतोषकुमार
12. निराला नव मूल्यांकन, डॉ रामरतन भटनागर
13. कला सृजन की प्रक्रिया और निराला, डॉ. शिवकरण सिंह
14. एक व्यक्तित्व एक युग निराला, नागार्जुन
15. निराला की काव्यभाषा, डॉ. शकुन्तला शुक्ल
16. निराला और उनका तुलसीदास, डॉ. रामकुमार सिंह
17. निराला : काव्य में सांस्कृतिक चेतना, जगदीशचंद्र
18. सुमित्रानंदन पंत: व्यक्तित्व और कृतित्व, डॉ. रामजी पांडेय
19. सुमित्रानंदन पंत का काव्य, डॉ. प्रेमलता बाफना
20. कवि सुमित्रानंदन पंत, आचार्य नंद दुलारे बाजपेयी
21. आधुनिक हिंदी कवि और उनका काव्य परिचय, डॉ. जशवंतभाई पंड्या

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-1

CC- HIN. -103. आधुनिक गद्य साहित्य-1

उद्देश्य :

आधुनिक काल में गद्य साहित्य को अभूतपूर्व सफलता मिली है। यह मानव मन और मस्तिष्क की अभिव्यक्ति का सशक्त एवं अनिवार्य माध्यम बन गया है। मनुष्य का राग - विराग, तर्क-वितर्क तथा चिंतन-मनन जिस रागात्मकता के साथ कौशलपूर्ण ढंग से गद्य में अभिव्यंजित होता है, वैसा अन्य साहित्यांग में संभव नहीं होता। आधुनिक काल में गद्य के विविध रूपों का विकास इस तथ्य का साक्षी है कि प्रौढ़ मन मस्तिष्क की पूर्ण अभिव्यक्ति गद्य में ही संभव है। निबंध गद्य का प्रौढ़ शक्तिशाली प्रतिरूप, उसकी वैयक्तिक एवं स्वातंत्र्य चेतना का विश्वसनीय प्रतिनिधि है। नाटक उपन्यास, कहानी तथा अन्य विविध विधाओं के रूप में गद्य साहित्य वामन से विराट बन गया है। आज मनुष्य को उसकी प्रकृति, परिवेश, परिस्थिति तथा चिंतन की विकास प्रक्रिया के साथ सहज प्रमाणिक रूप में गद्य के माध्यम से ही जाना जा सकता है। अतः इसका अध्ययन अनिवार्य है।

इकाई -1 हिन्दी साहित्य का आधुनिक काल

1.1 भारतेन्दु का आगमन तथा हिन्दी गद्य का उद्भव तथा विकास, फोर्ट विलियम कॉलेज और हिन्दी गद्य, हिन्दी साहित्य की विभिन्न गद्य विधाएँ और उनका संक्षिप्त परिचय

1.2 उपन्यास का स्वरूप एवं व्याख्या, विकास की रूपरेखा, तत्व, प्रेमचंद और हिन्दी उपन्यास का विकास, उपन्यास के प्रकार

इकाई -2 प्रेमचंद और उनका गोदान

2.1 गोदान : एक महाकाव्यात्मक कृति, गोदान का कथ्य और शिल्प, गोदान की प्रमुख समस्याएँ, प्रमुख विशेषताएँ

2.2 गांधी विचारधारा, भारतीय कृषि जीवन, ग्रामीण और शहरी संस्कृति, भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति

इकाई -3 फणीश्वरनाथ रेणु और उनका मैला आँचल

3.1 आंचलिक उपन्यास- स्वरूप एवं व्याख्या, विकास की रूपरेखा, तत्व, आंचलिक उपन्यास-लेखन में प्रवर्तनकर्ता के रूप में फणीश्वरनाथ रेणु, प्रमुख आँचलिक उपन्यासकारों में रेणु का स्थान

3.2 मैला आँचल का कथ्य एवं शिल्प, मैला आँचल की आंचलिकता, ग्रामीण चेतना, सांस्कृतिक तथा धार्मिक पृष्ठ भूमि, मैला आँचल का नायकत्व, मैला आँचल की औपन्यासिक उपलब्धियाँ

इकाई - 4 निबंध और प्रमुख निबंधकार

4.1 निबंध का अर्थ, स्वरूप एवं व्याख्या, आचार्य रामचंद्र शुक्ल एवं निबंध का विकास, निबंध के तत्व, निबंध के प्रकार, प्रमुख निबंधकार

4.2 स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी निबंध - विचार प्रधान निबंध, ललित निबंध, मनोवैज्ञानिक निबंध, हास्य एवं व्यंग्यप्रधान निबंध, समीक्षात्मक निबंध, प्रस्तुत निबंध एवं उनकी विशेषताएँ

4.3 (1) मेघदूत – महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) क्रोध – रामचंद्र शुक्ल
(3) मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है – हजारीप्रसाद द्विवेदी
(4) गेहूँ बनाम गुलाब – रामकृष्ण बेनीपुरी
(5) अभिव्यंजनावाद – नंददुलारे बाजपेयी
(6) अंगद की नियति – विद्यानिवास मिश्र
(7) ठिठुरता हुआ गणतंत्र – हरिशंकर परसाई

इकाई - 5 चरितात्मक कृति:- पथ के साथी (महादेवी वर्मा)

5.1 महादेवी का साहित्यिक परिचय
5.2 संस्मरण विधा: स्वरूप एवं व्याख्या, उद्भव एवं विकास
5.3 महादेवी के संस्मरणों की विशेषताएँ

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1. हिन्दी उपन्यास और यथार्थवाद – डॉ. त्रिभुवन सिंह
2. प्रेमचंद : एक विवेचन – डॉ. इन्द्रनाथ मदान, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
3. प्रेमचंद और उनके उपन्यास, उषा ऋषि-प्रकाशन, भारतीय ग्रंथ विवेचन, दिल्ली
4. प्रेमचंद के उपन्यासों में समकालीनता, रजनीकांत जैन, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
5. आद्यबिम्ब और गोदान, कृष्णमुरारी मिश्र, राधाकृष्ण, नई दिल्ली
6. गोदान : नया परिबोध, त्रिलोकीनाथ खन्ना, आदर्श साहित्य प्रकाशन, दिल्ली

7. फणीश्वरनाथ रेणु अर्थात मृदंगिये का मर्म, संपा- भारत यायावर, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
8. आंचलिकता और हिन्दी उपन्यास, डॉ. नगीन जैन, मा.ग्रं.वि.दिल्ली
9. हिन्दी निबंध के आधार स्तंभ- डॉ. हरिमोहन, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली
10. हिन्दी निबंध के सौ वर्ष, डॉ. मृत्युंजय उपाध्याय, गिरिनार प्रकाशन, महेसाणा, गुजरात
11. आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी और उनका साहित्य, राजेन्द्र दीक्षित, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
12. गद्यविन्यास और विकास, डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी
13. हिन्दी निबंध, प्रभाकर माचवे
14. हिन्दी के प्रतिनिधि निबंधकार, डॉ. द्वारिकाप्रसाद सक्सेना
15. हिन्दी साहित्य के निबंध और निबंधकार, डॉ. गंगाप्रसाद गुप्त
16. द्विवेदी युगीन निबंध साहित्य
17. ललित निबंध, डॉ. संगीता सारस्वत
18. शुक्लोत्तर निबंध में सांस्कृतिक चेतना, डॉ. बाबू लाल
19. महादेवी का संस्मरणात्मक गद्य, चरणसखी शर्मा, शोध प्रबन्ध प्रकाशन, दिल्ली
20. गद्य की सत्ता, रामस्वरूप चतुर्वेदी
21. गद्य लेखिका महादेवी वर्मा, योगराज धानी, भारतीय साहित्य मंदिर, दिल्ली
22. महादेवी मूल्यांकन, डॉ. परमानंद श्रीवास्तव
23. हिंदी उपन्यास एक अनंत यात्रा, रामदरश मिश्र
24. प्रेमचंद और उनका युग, रामविलाश शर्मा
25. फणीश्वर नाथ रेणु के कथा साहित्य में आंचलिक तत्व- मेदी कंचन माला
26. गोदान एक महाकाव्यात्मक उपन्यास, जितेन्द्रनाथ पाठक

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-1

CC -HIN -104. भाषा विज्ञान

उद्देश्य :

साहित्य आद्यंत एक भाषिक निर्मिति है। साहित्य के गंभीर अध्ययन के लिए भाषिक व्यवस्था का सुस्पष्ट सर्वांगीण ज्ञान अपरिहार्य है। भाषाविज्ञान भाषा की वस्तुनिष्ट अध्ययन प्रणाली के रूप में भाषिक इकाइयों तथा भाषा संरचना के विभिन्न स्तरों पर उनके अंतर संबंधों के विन्यास को आलोकित कर न केवल अध्येता को भाषिक अंतदृष्टि देता है अपितु भाषा विषयक विवेचन के लिए एक निरूपक भाषा भी प्रदान करता है। कहने की आवश्यकता नहीं कि भाषा के साहित्येतर प्रयोजनमूलक रूपों के अध्ययन में भी भाषा वैज्ञानिक चिंतन का लाभ भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

इकाई – 1 भाषा और भाषाविज्ञान

1.1 भाषा की परिभाषा और अभिलक्षण

1.2 भाषा व्यवस्था और भाषा व्यवहार

1.3 भाषा संरचना और भाषिक प्रकार्य

1.4 भाषा विज्ञान: स्वरूप और व्याप्ति

1.5 भाषा विज्ञान के अध्ययन की दिशाएँ - वर्णनात्मक, ऐतिहासिक, तुलनात्मक

इकाई – 2 स्वन प्रक्रिया

2.1 स्वन का स्वरूप और शाखाएँ

2.2 वाग अवयव और उनके कार्य

2.3 स्वन की अवधारणा और स्वनों का वर्गीकरण

2.4 स्वनगुण, स्वनिक परिवर्तन

2.5 स्वनिम विज्ञान का स्वरूप

2.6 स्वनिम की अवधारणा

2.7 स्वनिम के भेद

2.8 स्वनिमिक विश्लेषण

इकाई - 3 रूप एवं वाक्य विज्ञान

3.1 रूप प्रक्रिया का स्वरूप और शाखाएँ,

3.2 रूपिम की अवधारणा

3.3 रूपिम के भेद

3.3.1 मुक्त-आबद्ध, अर्थदर्शी और संबंधदर्शी, सम्बन्धदर्शी रूपिम के भेद और प्रकार्य

3.4 वाक्य के भेद

3.5 वाक्य विश्लेषण

3.6 निकटस्थ अवयव विश्लेषण

3.7 गहन संरचना और बाह्य संरचना

इकाई – 4 अर्थ विज्ञान

4.1 अर्थ की अवधारणा

4.2 शब्द और अर्थ का संबंध

4.3 अर्थ परिवर्तन की दिशाएँ

4.4 अर्थ परिवर्तन के कारण

4.5 पर्यायता

4.6 अनेकार्थता

4.7 विलोमता

इकाई - 5 विराम व्यवस्था

5.1 पूर्ण विराम

5.2 अल्प विराम

5.3 अर्ध विराम

5.4 अपूर्ण विराम

5.5 प्रश्न चिह्न

5.6 आश्चर्यसूचक चिह्न

5.7 निर्देशक

5.8 कोष्टक

5.9 अवतरण चिह्न

5.10 वर्णलोपी चिह्न

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1. भाषा विज्ञान, डॉ. भोलानाथ तिवारी, किताबमहल, इलाहाबाद
2. हिंदी भाषा की ध्वनि संरचना, डॉ. भोलानाथ तिवारी, साहित्य सहकार, दिल्ली
3. हिंदी भाषा की रूप संरचना, डॉ. भोलानाथ तिवारी, साहित्य सहकार, दिल्ली
4. हिंदी भाषा की वाक्य संरचना, डॉ. भोलानाथ तिवारी, साहित्य सहकार, दिल्ली
5. हिंदी भाषा की आर्थी संरचना, डॉ. भोलानाथ तिवारी, साहित्य सहकार, दिल्ली
6. आधुनिक हिंदी व्याकरण, डॉ. राम गोपाल सिंह, पार्श्व प्रकाशन, अहमदाबाद
7. भाषिक स्वरूप-संरचना और कार्य, डॉ. राम गोपाल सिंह, नवभारत प्रकाशन, दिल्ली
8. हिंदी व्याकरण और रचना, डॉ. राम गोपाल सिंह, साहित्य संस्थान, गाजियाबाद
9. भाषा विज्ञान, डॉ. राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स, गाजियाबाद
10. हिंदी वाक्य रचना पर अंग्रेजी का प्रभाव, डॉ. राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स, गाजियाबाद
11. भाषा विज्ञान की रूपरेखा, डॉ. हरीश शर्मा

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-1

CC-HIN - 101. राजभाषा प्रशिक्षण

उद्देश्य :

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् भारत की राजभाषा के रूप संवैधानिक स्वीकृति मिलने के बाद राजभाषा हिंदी का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को देना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है, ताकि छात्र राजभाषा हिंदी के प्रयोजनमूलक स्वरूप से परिचित हो सकें तथा इस क्षेत्र में भी भविष्य में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें। इस प्रश्नपत्र के माध्यम से विद्यार्थियों में कार्यालयी भाषा के संबंध में जागरूकता आएगी तथा वे प्रशासनिक भाषा के कार्यालयी स्वरूप एवं टिप्पण- आलेखन से भी परिचित होंगे जिससे उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सरलता रहेगी।

इकाई – 1 राजभाषा हिंदी की प्रकृति

1.1 प्रशासन व्यवस्था और भाषा

1.2 भारत की बहुभाषिकता और एक संपर्क भाषा की आवश्यकता

1.3 राजभाषा(कार्यालयी हिंदी) की प्रकृति

1.4 कार्यालयी भाषा की विशेषताएँ

1.5 राजभाषा का अनु प्रयोगात्मक पक्ष -हिंदी आलेखन, टिप्पण, संक्षेपण तथा पत्राचार - पत्र, अर्धसरकारी पत्र, परिपत्र, आदेश, कार्यालय आदेश, ज्ञापन, कार्यालय ज्ञापन आदि>

इकाई – 2 राजभाषा विषयक संवैधानिक प्रावधान

2.1 राजभाषा विषयक संवैधानिक व्यवस्था

2.2 संविधान के भाग-5, 6 और 17 - अनुच्छेद 343 से 351 तक

2.3 अष्टम अनुसूची

2.4 राष्ट्रपति के आदेश - 1952,1955,1960

2.5 राजभाषा अधिनियम - 1963 (यथासंशोधित-1967)

2.6 राजभाषा संकल्प

2.7 राजभाषा नियम, 1976

इकाई - 3 राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन

3.1 वार्षिक कार्यक्रम, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय

3.2 त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट

3.3 राजभाषा कार्यान्वयन समिति

3.4 नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति

इकाई - 4 मानकीकरण

4.1 देवनागरी हिंदी वर्तनी एवं अंकों का मानकीकरण

4.2 हिंदी संकेताक्षर और कूटपद निर्माण - हिंदी संक्षिप्ताक्षर, संकेताक्षर, कूटपद निर्माण, सिद्धांत एवं व्यवहार

इकाई – 5 प्रशासनिक शब्दावली

5.1 प्रशासनिक शब्दावली

5.2 पारिभाषिक शब्दावली निर्माण के सिद्धांत

5.3 प्रशासनिक शब्दावली का परिचय

5.4 वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग

संदर्भ ग्रंथ

1 संक्षेपण और विस्तरण, डॉ. कैलाशचंद्र भाटिया, नवभारत प्रकाशन, दिल्ली

2.आदर्शपत्र लेखन, डॉ. श्यामचंद्र कपूर, विद्या विहार, दिल्ली

3.पारिभाषिक शब्दावली : कुछ समस्याएँ , डॉ. भोलानाथ तिवारी, शब्दाकार, दिल्ली

4.हिन्दी कार्यालय निर्देशिका, गोपिनाथ श्रीवास्तव,सामयिक प्रकाशन नई दिल्ली

5.जीवन बीमा-व्यवसाय में हिंदी का प्रयोग,सुधीर निगम ,राधाकृष्ण प्रकाशन,दिल्ली

6.कार्यालयों मे हिन्दी के प्रयोग की दिशाएँ, डॉ. उमा शुक्ल, लोक भारती, प्रकाशन, इलाहाबाद

7.कम्प्यूटर के विविध आयाम, डॉ. राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गाजियाबाद

8.हिंदी कंप्यूटिंग, डॉ.राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गाजियाबाद

8. हिंदी व्याकरण और रचना, डॉ. राम गोपाल सिंह, साहित्य संस्थान, गाजियाबाद

10. राजभाषा प्रशिक्षण, डॉ. विनयकुमार पाठक

एम.ए. (पारंगत) हिन्दी, सेमेस्टर-2

HIN. -201. प्राचीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य -2

उद्देश्य :

प्राचीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य – **1** के माध्यम छात्रों को प्राचीन एवं मध्यकालीन हिंदी काव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा डिंगल, पिंगल, व्रज और अवधी भाषा में लिखित हिंदी काव्य से साक्षात्कार कराया गया ताकि वे हिंदी साहित्य की इस अमूल्य धरोहर से परिचित हो सकें तथा हिंदी साहित्य की इस अमूल्य विरासत को समझ सकें जिससे उनका ज्ञानवर्धन होने के सथ वे अपनी साहित्यगत जड़ों से भी प्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे। प्रस्तुत प्रश्नपत्र प्राचीन एवं मध्यकालीन हिन्दी काव्य – **2** में विद्यार्थियों को मध्यकाल एवं रीतिकाल के कवियों की कविताओं से परिचित करवाना मुख्य उद्देश्य है।

इकाई – 1 सूरदास - सूरदास के काव्य में भक्ति और दर्शन, सूरदास के काव्य में वात्सल्य का निरुपण, ससन्दर्भ व्याख्या हेतु सूरदास के 'भ्रमर गीत सार' से 20 (बीस) पदों का अध्ययन। 1-11, 21-29

इकाई - 2 तुलसीदास - तुलसीदास की भक्ति भावना, तुलसीदास का काव्य एवं नारी विमर्श, तुलसीदास एवं महात्मा गांधी की रामराज्य की परिकल्पना, अयोध्याकांड से 20 दोहे एवं चौपाइयाँ, ससन्दर्भ व्याख्या हेतु। दोहे-55से75

इकाई - 3 घनानन्द - कृष्ण भक्त कवि घनानन्द, घनानन्द की प्रेमाभिव्यंजना, घनानन्द की काव्य भाषा-शैली, ससन्दर्भ व्याख्या हेतु घनानन्द के 20 कवित्त।

इकाई – 4 बिहारी - बिहारी की बहुज्ञता, बिहारी का श्रृंगार वर्णन, बिहारी की भक्ति भावना, ससन्दर्भ व्याख्या हेतु बिहारी के 20 दोहे - 40 से 60

इकाई - 5 रसखान - रसखान की भक्ति भावना, रसखान - काव्य रूप एवं शैली, लससन्दर्भ व्याख्या हेतु रसखान के 20 पदों का अध्ययन। सुजान रसखान के 1 -20 (सवैया, दोहा, भक्ति)

आधार ग्रंथ

1.चंदवरदायी : पृथ्वीराज रासो, संपादक- आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी एवं डॉ. नामवर सिंह (कोई एक समय)

2. सूरदास : भ्रमरगीत सार, संपादक- आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

3. मीराबाई : मीरा पदावली, संपादक- परशुराम चतुर्वेदी

4. घनानंद : घनानंद कवित्त, संपादक- आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

5. बिहारी : बिहारी सतसई, ओमप्रकाश, राजपाल एण्ड सन्ज, कश्मीरी गेट, दिल्ली, संस्करण- 1995

संदर्भ ग्रंथ

1. सूर साहित्य, हजारी प्रसाद द्विवेदी
2. सूर विमर्श, डॉ. राममूर्ति त्रिपाठी
3. बिहारी मीमांसा, डॉ. राम सागर त्रिपाठी
4. बिहारी का नया मूल्यांकन, बच्चन सिंह
5. विद्यापति सूर, बिहारी का काव्य सौंदर्य, डॉ. शरद कणवरकर
6. बिहारी, आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र
7. तुलसी का काव्य वैभव, डॉ.सभापति मिश्र
8. तुलसी, डॉ. इन्द्रनाथ मदान
9. तुलसीदास, आचार्य चन्द्रवली पान्डेय
10. तुलसी के काव्यादर्श, संपादक,डॉ. मालती दुबे एवं डॉ. राम गोपाल सिंह
11. घनानंद : घनानंद कविता, संपादक आचार्य विश्वनाथ मिश्र
12. बिहारी रत्नाकर, जगन्नाथ दास रत्नाकर,नमन प्रकाशन, नई दिल्ली, वर्ष-2003, प्रथम संस्करण
13. रामचरित मानस का शास्त्रीय अध्ययन – डॉ. राजकुमार पान्डेय, कानपुर
14. सूरसागर, डॉ. धीरेन्द्र वर्मा,
15. भक्ति काव्य का मूल्यांकन, डॉ. वेदत्त शर्मा
16. रसखान ग्रंथावली, देवराज सिंह, भाटी
17. धनंजय का साहित्यिक अवदान, हनुमंत रणशेब
18. तुलसी साहित्य में उदात्त तत्व, डॉ. विनोद कुमार मिश्र

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-2

CC - HIN. -202. आधुनिक हिन्दी काव्य -2

उद्देश्य :

आधुनिक हिन्दी काव्य पुनर्नवा के रूप में नवीन भावभूमि एवं वैचारिक गतिशीलता लेकर अवतरित हुआ। आधुनिकता, इहलौकिकता, विश्वजनीनता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण इसकी प्रमुख विशेषताएँ हैं। उपेक्षित विषय भी यहाँ सार्थक एवं प्रासंगिक हो गए। उन्नीसवीं शती के उत्तरार्द्ध से अद्यावधि तक की संवेदनाएँ, भावनाएँ एवं नूतन विचार सरणियाँ उसमें अभिव्यक्त हुई हैं। मनुष्य उसमें अभिव्यंजित हुआ है। विविध धाराओं में प्रवहमान आधुनिक हिन्दी काव्य प्रेरणा और ऊर्जा का अजस्र स्रोत है। अतः संवेदना तथा ज्ञान क्षितिज के विस्तार के लिए इसका अध्ययन अत्यंत आवश्यक एवं प्रासंगिक है।

इकाई - 1	उर्वशी (तृतीय सर्ग) - रामधारी सिंह 'दिनकर'	उर्वशी का नामकरण उर्वशी का भावपक्ष उर्वशी का कलापक्ष
इकाई - 2	प्रयोगवाद -	प्रमुख कवि एवं प्रवृतियाँ
इकाई - 3	आज के लोकप्रिय कवि- अज्ञेय	नदी के द्वीप असाध्य वीणा बावरा अहेरी कितनी नावों में कितनी बार घर साम्राज्ञी का नैवेद्य दान उन्होंने घर बनाया सागर मुद्रा
इकाई - 4	नई कविता -	प्रमुख कवि एवं प्रवृतियाँ
इकाई - 5	प्रवाद पर्व : नरेश मेहता -	'प्रवाद पर्व' का नामकरण 'प्रवाद पर्व' का भावपक्ष 'प्रवाद पर्व' का कलापक्ष

संदर्भ ग्रंथ

1. दिनकर : व्यक्तित्व और कृतित्व, जगदीश प्रसाद
2. दिनकर, सावित्री सिन्हा
3. उर्वशी : समग्र अध्ययन, डॉ. दयाशंकर जोशी
4. उर्वशी : उपलब्धि और सीमा, वीरेंद्र नारायण सिंह
5. उर्वशी : विचार और विश्लेषण, वचनदेव कुमार
6. अज्ञेय : कवि और काव्य, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
7. अज्ञेय : कवि का सौंदर्यशास्त्रीय अध्ययन, डॉ. कुलवन्त कौर
8. अज्ञेय : एक अध्ययन, डॉ. भोलाभाई पटेल
9. अज्ञेय : प्रकृति काव्य, काव्य प्रकृति- संजय कुमार
10. आधुनिक हिन्दी काव्य : उद्भव और विकास, स्नेहलता पाठक
11. नरेश मेहता- व्यक्तित्व कृतित्व
12. नरेश मेहता के खण्ड काव्य : एक अनुशीलन, कविता शर्मा
13. उत्सव पुरूष नरेश मेहता, महिमा मेहता
14. नरेश मेहता : एक एकांत शिखर, प्रमोद त्रिवेदी
15. आधुनिक हिंदी कवि और उनका काव्य परिचय, डॉ. जशवंतभाई पंड्या

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-2

CC - HIN. -203 आधुनिक गद्य साहित्य -2

आधुनिक काल में गद्य साहित्य को अभूतपूर्व सफलता मिली है। यह मानव मन और मस्तिष्क की अभिव्यक्ति का सशक्त एवं अनिवार्य माध्यम बन गया है। मनुष्य का राग- विराग, तर्क-वितर्क तथा चिंतन-मनन जिस रागात्मकता के साथ कौशलपूर्ण ढंग से गद्य में अभिव्यंजित होता है, वैसा अन्य साहित्यांग में नहीं होता। आधुनिक काल में गद्य के विविध रूपों का विकास इस तथ्य का साक्षी है कि प्रौढ़ मन मस्तिष्क की पूर्ण अभिव्यक्ति गद्य में ही संभव है। निबंध गद्य का प्रौढ़ शक्तिशाली प्रतिरूप, उसकी वैयक्तिक एवं स्वातंत्र्य चेतना का विश्वसनीय प्रतिनिधि है। नाटक, उपन्यास, कहानी तथा अन्य विविध विधाओं के रूप में गद्य साहित्य वामन से विराट बन गया है। अतः इसका अध्ययन अनिवार्य है।

इकाई -1 1.1 भारतेन्दु और हिन्दी नाटक, नाटक का अर्थ स्वरूप एवं व्याख्या, प्रमुख नाटककार और उनकी नाट्य कृतियाँ।

इकाई -2 2.1 प्रसाद और उनका चन्द्रगुप्त

2.2 प्रसाद और नाटक का विकास

2.3 चन्द्रगुप्त का कथ्य एवं शिल्प

2.4 नाटक की प्रमुख विशेषताएँ

2.5 प्रसाद की नारी भावना

2.6 चन्द्रगुप्त नाटक में राष्ट्रीयता

इकाई -3 मोहन राकेश का नाटक- आधे- अधूरे

3.1 स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाटक की पृष्ठभूमि

3.2 आधुनिक रंगमंच और हिन्दी नाटक

3.3 प्रारंभिक प्रयास, अश्क और माथुर के नाटक

3.4 मोहन राकेश के नाटक एवं नाटक में रंगचेतना

3.5 राकेश के नाटक आधे-अधूरे का कथ्य एवं शिल्प

3.6 आधे-अधूरे : एक सफल प्रतीकात्मक नाटक

3.7 सामसामयिक युग का प्रतिबिम्ब, मनोवैज्ञानिकता, रंगमंचीयता, शिल्प विधान

इकाई -4 4.1 हिन्दी कहानी के प्राचीन रूप का संक्षिप्त परिचय, आधुनिक कहानी का उद्भव एवं विकास, नयी कहानी का स्वरूप एवं व्याख्या, कहानी के तत्व, प्रमुख कहानीकार, स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी और उसकी विशेषताएँ, प्रस्तुत संकलन की कहानियाँ और उनकी विशेषताएँ

4.2 (1) उसने कहा था, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, गुलेरी जी का साहित्यिक परिचय, कहानी का कथ्य एवं शिल्प, उद्देश्य

(2) तत्सत - जैनेन्द्र, जैनेन्द्र जी का साहित्यिक योगदान, कहानी का कथ्य एवं शिल्प, उद्देश्य

(3) खोयी हुई दिशाएँ- कमलेश्वर, कमलेश्वर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व, कहानी का कथ्य एवं शिल्प

(4) परिन्दे - निर्मल वर्मा, कहानीकार का परिचय, कहानी का कथ्य एवं शिल्प, आधुनिक बोध, एकाकीपन की समस्या, प्रतीकात्मकता, उद्देश्य

(5) उषा प्रियंवदा - लेखिका का परिचय, कहानी का कथ्य एवं शिल्प, आधुनिकताबोध

(6) जहाँ लक्ष्मी कैद है, राजेन्द्र यादव, समकालीन कहानीकार और राजेन्द्र यादव का परिचय, कहानी का कथ्य एवं शिल्प

(7) कफन - प्रेमचंद, कहानीकार प्रेमचंद, कहानी का कथ्य एवं शिल्प, कहानी में यथार्थ बोध

इकाई -5 संदर्भ सहित व्याख्या-उपरोक्त दो नाटकों एवं सात कहानियों में से।

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1. नाटककार जयशंकर प्रसाद, सं. डॉ. सत्येन्द्र तनेजा
2. प्रसाद के नाटक, डॉ. सिद्धनाथ कुमार, मैकमिलन कंपनी, दिल्ली
3. प्रसाद का नाट्यशिल्प, बनवारीलाल दौडा, हिन्दी साहित्य संसार, दिल्ली
4. मोहन राकेश : व्यक्तित्व एवं कृतित्व, सुषमापाल अग्रवाल, पंचशील प्रकाशन, जयपुर
5. हिन्दी नाटक, डॉ. बच्चन सिंह, राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
6. हिन्दी कहानी, डॉ. इन्द्रनाथ मदान, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
7. हिन्दी कहानी के सौ वर्ष, सं. वेदप्रकाश अमिताभ, मधुवन प्रकाशन, मथुरा
8. कहानी, स्वरूप और संवेदना, राजेन्द्र यादव, नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली
9. प्रसाद के नाटकों में नाटक की अवधारणा, देवकिशन चौहान
10. प्रसाद : नाट्य और रंगशिल्प, डॉ. गोविन्द चातक
11. आधुनिक हिन्दी नाटक और रंगमंच, डॉ. नेमिचंद्र जैन
12. हिंदी नाटक उद्भव और विकास, डॉ. दशरथ ओझा
13. हिंदी कहानी का विकास, मधुरेश
14. मोहन राकेश के संपूर्ण नाटक, नैमिचंद्र जैन

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-2

CC - HIN. -204 हिंदी भाषा

भाषा वैज्ञानिक आधार पर हिंदी भाषा का ऐतिहासिक विकासक्रम, भौगोलिक विस्तार, भाषिक स्वरूप, विविधरूपता तथा हिंदी में कम्प्यूटर सुविधाओं विषयक जानकारी एवं देवनागरी के वैशिष्ट्,य विकास और मानकीकरण का विवरण हिंदी के अध्येता के लिए अत्यंत उपयोगी है।

इकाई -1	हिंदी भाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	- प्राचीन भारतीय आर्यभाषाएँ, वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और उनकी विशेषताएँ, मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषाएँ-पालि, प्राकृत, शौरशैनी, मागधी, अर्थमागधी, अपभ्रंश और उनकी विशेषताएँ। आधुनिक भारतीय आर्यभाषाएँ और उनका वर्गीकरण
इकाई – 2	हिंदी का भौगोलिक विस्तार	- हिंदी की उपभाषाएँ, पश्चिमी हिंदी, पूर्वी हिंदी, राजस्थानी, बिहारी तथा पहाड़ी और उनकी बोलियाँ, खड़ीबोली, ब्रज और अवधी की विशेषताएँ
इकाई – 3	हिंदी का भाषिक स्वरूप - हिंदी	हिंदी की स्वनिम व्यवस्था - खंड्य, खंड्येतर; शब्द रचना-उपसर्ग, प्रत्यय, समास; रूपरचना-लिंग-वचन और कारक व्यवस्था के संदर्भ में; हिंदी के संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण और क्रियारूप; हिंदी वाक्य रचना : पदक्रम और अन्विति।
इकाई - 4	हिंदी भाषा के विविध रूप-	सम्पर्क भाषा, राष्ट्रभाषा, राजभाषा के रूप में हिंदी, माध्यम भाषा, संचारभाषा, हिंदी की संवैधानिक स्थिति
इकाई - 5	देवनागरी लिपि	- देवनागरी लिपि का विकास, आक्षरिक लिपि, वैज्ञानिक लिपि, देवनागरी लिपि की विशेषताएँ, देवनागरी हिंदी वर्तनी एवं अंकों का मानकीकरण।

संदर्भ ग्रंथ

1. हिंदी भाषा, डॉ. भोलानाथ तिवारी, किताबमहल, इलाहाबाद
2. भाषिक स्वरूप : संरचना और कार्य, डॉ. राम गोपाल सिंह, नवभारत प्रकाशन, दिल्ली
3. भाषा विज्ञान, डॉ. राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स, गाजियाबाद
4. हिंदी वाक्य रचना पर अंग्रेजी का प्रभाव, डॉ. राम गोपाल सिंह, आकाश पब्लिशर्स, गाजियाबाद
5. भाषा विज्ञान डॉ.उदय़ नाराय़ण तिवारी, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद
6. हिंदी भाषा, डॉ.कैलाशचंद्र भाटिय़ा, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली
7. आधुनिक हिंदी व्याकरण, डॉ. राम गोपाल सिंह, पार्श्व प्रकाशन, अहमदाबाद
8. विश्व की भाषाओं का वर्गीकरण, डॉ. राम गोपाल सिंह, विनय प्रकाशन, अहमदाबाद
9. हिंदी व्याकरण और रचना, डॉ. राम गोपाल सिंह, साहित्य संस्थान, गाजियाबाद

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-2

CC-HIN - 205 हिन्दी उपन्यास

उद्देश्य :

इस प्रश्नपत्र के अन्तर्गत उपन्यास के स्वरूप, हिन्दी उपन्यास के इतिहास, हिन्दी उपन्यास की प्रमुख शैलियाँ, हिन्दी के प्रतिनिधि उपन्यासों की वस्तु एवं शिल्पगत वैशिष्ट्य के अध्ययन के माध्यम से छात्रों को हिंदी उपन्यास विधा के स्वरूप एवं विकास से परिचित कराते हुए आधुनिक हिंदी उपन्यास एवं उपन्यास विधा से परिचित कराया जाएगा ताकि छात्र उपन्यास के विधागत स्वरूप एवं विषयगत वैविध्य से भलीभाँति परिचित हो सके और उनमें विधागत कौशल्य की समझ विकसित हो सके।

इकाई -1 हिंदी उपन्यास विधा

1.1 हिंदी उपन्यास का स्वरूप

1.2 हिंदी उपन्यास के तत्व

1.3 हिंदी उपन्यास के प्रकार

1.4 हिन्दी के प्रमुख उपन्यास तथा उपन्यासकार

1.5 प्रेमचंदोत्तर हिन्दी उपन्यास की विविध धाराएँ- मनोवैज्ञानिक उपन्यास, फ्रायड और युंग, प्रयोगशील उपन्यास, आधुनिकता बोध के उपन्यास

इकाई -2 प्रेमचंद का रंगभूमि और अज्ञेय का उपन्यास अपने-अपने अजनबी

2.1 रंगभूमि का कथ्य और शिल्प तथा प्रमुख विशेषताएँ

2.2 अज्ञेय और उनका अपने-अपने अजनबी, अज्ञेय और उनके समकालीन उपन्यासकार, अपने-अपने अजनबी का प्रयोगशील उपन्यास के रूप में कथ्य और शिल्प, मनोवैज्ञानिक उपन्यास, जीवन दर्शन, अस्तित्ववादी, आस्थावादी जीवन दर्शन

इकाई -3 भीष्म साहनी और उनका तमस

3.1 भीष्म साहनी और उनके समकालीन उपन्यासकार

3.2 तमस का कथ्य और शिल्प तथा प्रमुख विशेषताएँ

3.3 मार्कसवादी चिंतन और जीवन दर्शन

इकाई -4 वृंदावनलाल वर्मा का मृगनयनी और मन्नू भंडारी का उपन्यास आपका बंटी

4.1 मृगनयनी का रचना विधान और ऐतिहासिकता तथा परिवेश चित्रण

4.2 मन्नू भंडारी और आपका बंटी

4.3 महिला लेखिकाएँ और मन्नू भंडारी

4.4 आपका बंटी का रचना विधान, बंटी और बाल मनोविज्ञान

इकाई -5 जैनेन्द्र और उनका उपन्यास त्यागपत्र

4.1 मनोवैज्ञानिक उपन्यासकार जैनेन्द्र और उनके समकालीन उपन्यासकार

4.2 त्यागपत्र उपन्यास का कथ्य एवं शिल्प तथा औपन्यासिक विशेषताएँ

4.3 जैनेन्द्र का जीवन दर्शन (त्यागपत्र के माध्यम से) और नियतिवाद

<u>संदर्भ ग्रंथ</u>

1. अद्यतन हिन्दी उपन्यास, डॉ. बिन्दु भट्ट, पार्श्व प्रकाशन, अहमदाबाद
2. समकालीन हिन्दी उपन्यास, विवेकी राय, राजीव प्रकाशन, इलाहाबाद
3. साठोत्तरी हिन्दी उपन्यास : विविध प्रयोग, डॉ. कुसुम शर्मा, श्याम प्रकाशन, जयपुर
4. हिन्दी उपन्यास : समकालीन विमर्श, डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी, भारतीय ग्रंथ निकेतन, नयी दिल्ली
5. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास : बदलते सामाजिक परिप्रेक्ष्य में, उमेश प्रसाद सिंह
6. हिन्दी उपन्यास : उपलब्धियाँ, लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय राधाकृष्ण प्रकाशन, दिल्ली
7. हिन्दी उपन्यास, डॉ. सुषमा धवन, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
8. हिन्दी उपन्यास के सौ वर्ष, डॉ. रामदरश मिश्र, गिरनार प्रकाशन, महेसाणा
9. भीष्म साहनी : व्यक्ति और रचना, राजेश्वर सक्सेना
10. हिन्दी उपन्यास साहित्य में दाम्पत्य जीवन, डॉ. उर्मिला भटनागर
11. आठवें दशक के हिन्दी उपन्यास, डॉ. नगीना जैन
12. अज्ञेय के मनोवैज्ञानिक उपन्यासों का मनोविश्लेषण, डॉ. मफतलाल पट

एम.ए. (अनुस्नातक) हिन्दी, सेमेस्टर-3

CC - HIN. -301. काव्यशास्त्र एवं साहित्यालोचन -1

भारतीय काव्यशास्त्र

उद्देश्य :

रचना के वैशिष्ट्य और मूल्यबोध के उद्घाटन के लिए काव्यशास्त्र और साहित्यालोचन का ज्ञान अपरिहार्य है। इनसे साहित्यिक समझ विकसित होती है। वह दृष्टि मिलती है, जिसके आधार पर साहित्य के मर्म और मूल्यवत्ता की वास्तविक परख की जा सके। सामाजिक, सांस्कृतिक परिवेश के साथ रचना का आस्वाद प्राप्त करके रचना को उसकी समग्रता में समझने और जाँचने-परखने के लिए भारतीय और हिन्दी साहित्यालोचन का अध्ययन समीचीन है। इस प्रश्नपत्र के माध्यम से छात्रों में भारतीय काव्य शास्त्र के प्रति समझ विकसित होगी जिससे वे छंदबद्ध कविता को काव्यशास्त्रीय दृष्टि से समझ सकेंगे तथा काव्य विवेचन कर सकेंगे।

इकाई -1 भारतीय काव्यशास्त्र

1.1 भारतीय काव्यशास्त्र के प्रमुख आचार्य

1.2 हिन्दी कवि आचार्यों का काव्यशास्त्रीय चिंतन : लक्षण-काव्य परंपरा एवं कवि शिक्षा, रीतिकाल की युगीन परिस्थितियाँ, संस्कृत काव्यशास्त्र, रीतिग्रंथ, रस-नायिका भेद, अलंकार ग्रंथ

1.3 संस्कृत काव्यशास्त्र : काव्य-परिभाषा एवं लक्षण, काव्य हेतु, काव्य प्रयोजन, काव्य के प्रकार

इकाई -2 रस सिद्धांत

2.1 रस का स्वरूप, रस निष्पत्ति, रस के अंग, साधारणीकरण, सहृदय की अवधारणा

2.2 ध्वनि सिद्धांत : ध्वनि का स्वरूप, ध्वनि सिद्धांत की प्रमुख स्थापनाएँ, ध्वनि-काव्य के प्रमुख भेद, गुणीभूत व्यंग्य, चित्र काव्य

2.3 औचित्य सिद्धांत : प्रमुख स्थापनाएँ, औचित्य के भेद

इकाई -3 अलंकार सिद्धांत

3.1 अलंकार सिद्धांत : मूल स्थापनाएँ, अलंकारों का वर्गीकरण

